# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी-मार्च, 2017 सत्र

### दैनिक कार्य सूची

**गुरुवार, दिनांक 2 मार्च, 2017 (फाल्गुन 11, 1938)**

**समय 11.00 बजे दिन**

**1. प्रश्नोत्तर.**

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

**2. पत्रों का पटल पर रखा जाना.**

(1) श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 (क्रमांक 18 सन् 2005) की धारा 5 की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत यथा-अपेक्षित विवरण वर्ष 2017-2018 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री राजेन्द्र शुक्ल, खनिज साधन मंत्री, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार दि मध्यप्रदेश स्टेट माईनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल का 52 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2014-2015 पटल पर रखेंगे.

**3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण.**

(1) श्री दिलीप सिंह शेखावत, सदस्य, उज्जैन जिला चिकित्सालय में थैलेसीमिया बीमारी का इलाज न होने की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री यशपाल सिंह सिसौदिया, सदस्य, मंदसौर जिले में आपराधिक घटनाएं घटित होने से उत्पन्न स्थिति की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

**4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति तथा स्वीकृति.**

सुश्री मीना सिंह माण्डवे, सभापति, गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का सत्रहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगी तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगी कि –

"सदन गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के सत्रहवें प्रतिवेदन से सहमत है.".

**5. याचिकाओं की प्रस्तुति.**

(1) श्री शैलेन्द्र पटेल, सदस्य, सीहोर जिले के ग्राम इछावर को नर्मदा नदी से जल प्रदाय कराये जाने,

(2) श्री जितेन्द्र गेहलोत, सदस्य, रतलाम जिले की उप तहसील में शासकीय माध्यमिक विद्यालय का भवन निर्माण कराये जाने,

(3) श्री शैलेन्द्र जैन, सदस्य, सागर जिले के शिवाजी वार्ड स्थित पोद्दार कालोनी में कृष्णा पार्क की बाउण्ड्रीवाल एवं अन्य निर्माण कार्य कराये जाने,

(4) पं. रमाकान्त तिवारी, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम बरहट के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(5) श्री कालुसिंह ठाकुर, सदस्य, धार जिले के ग्राम खलघाट के शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की कक्षाएं प्रारंभ किये जाने,

(6) श्री मुरलीधर पाटीदार, सदस्य, आगर जिले के सुसनेर से ग्राम लटूरीगुर्जर तक डामर सड़क निर्माण किये जाने,

(7) श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य, नीमच जिले के ग्राम पंचायत थडोली के माध्यमिक विद्यालय को हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(8) श्री अनिल जैन, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के ओरछा नगर में सर्वसुविधा युक्त स्टेडियम बनाये जाने,

(9) श्री लखन पटेल, सदस्य, दमोह जिले के ग्राम सीतानगर में विद्युत सब स्टेशन स्वीकृत किये जाने,

(10) श्रीमती ममता मीना, सदस्य, गुना जिले के मोहम्मदपुर बटावदा से ग्राम सूता नदी तक सड़क बनाये जाने,

(11) श्री रामपाल सिंह, सदस्य, शहडोल जिले के ग्राम बराछ से तेन्दूआढ़ तक सड़क निर्माण किये जाने,

(12) श्री धनश्याम पिरोनियॉं, सदस्य, दतिया जिले के कमलापुरी से ग्राम खिरिया तक मार्ग निर्माण कराये जाने,

(13) श्री दिनेश राय 'मुनमुन', सदस्य, सिवनी जिले के ग्राम कमकासुर में हाई स्कूल खोले जाने,

(14) श्री दुर्गालाल विजय, सदस्य, श्योपुर जिले के ग्राम पहाड़ली व राजपुरा में नवीन 33/11 के.व्ही. विद्युत सबस्टेशन निर्माण किये जाने,

(15) श्री अरूण भीमावद, सदस्य, शाजापुर जिले के ग्राम पंचायत कोन्टा से कबुलपुर तक सड़क निर्माण किये जाने,

(16) श्री नीलेश अवस्थी, सदस्य, जबलपुर जिले के ग्राम बोरिया के शासकीय हाई स्कूल का भवन निर्माण किये जाने,

(17) श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के ग्राम बखतपुरा से लरौन तक सड़क निर्माण किये जाने,

(18) श्री अमर सिंह यादव, सदस्य, राजगढ़ जिले के खुजनेर स्थित मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल की बाउन्ड्रीवॉल बनाये जाने,

(19) डॉ. मोहन यादव, सदस्य, उज्जैन नगर में शासकीय मेडिकल कॉलेज खोले जाने,

(20) श्रीमती सरस्वती सिंह, सदस्य, सिंगरौली जिले के चितरंगी में आई.टी.आई. महाविद्यालय खोले जाने,

(21) श्री मधु भगत, सदस्य, बालाघाट जिले के ग्राम देवरी से लिंगा के मध्य सड़क निर्माण किये जाने,

(22) श्री मुकेश नायक, सदस्य, पन्ना जिले के ग्राम नरंगी में नदी पर घाट का निर्माण किये जाने,

(23) श्री कुंवर सिंह टेकाम, सदस्य, सिंगरौली जिले के ग्राम निगरी में कांजी हाउस निर्माण कराये जाने,

(24) श्रीमती ऊषा चौधरी, सदस्य, सतना जिले के ग्राम पाईधाकला के प्राथमिक विद्यालय के भवन का निर्माण कराये जाने,

(25) श्री आरिफ अकील, सदस्य, भोपाल शहर के लालघाटी क्षेत्र की दुकानों को नगर निगम द्वारा हटाने की कार्यवाही रोके जाने,

(26) श्री नारायण सिंह पंवार, सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्राम हांसरोद के शासकीय माध्यमिक विद्यालय का हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(27) श्री हरदीप सिंह डंग, सदस्य, मंदसौर जिले के ग्राम तकरावद में तालाब का गहरीकरण कराये जाने,

(28) श्री जयवर्द्धन सिंह, सदस्य, गुना जिले की ग्राम पंचायत पारकना के मिडिल स्कूल को हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(29) श्रीमती उमादेवी लालचंद खटीक, सदस्य, दमोह जिले के ग्राम डोली के पास नाले पर स्टापडेम बनाये जाने,

(30) श्री देवेन्द्र वर्मा, सदस्य, खण्डवा जिले के ग्राम बड़गांवमाली शासकीय हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष बनाये जाने,

(31) श्री सत्यपाल सिंह सिकरवार, सदस्य, मुरैना जिले के ग्राम गलेथा में वेहड़ के कटाव को रोक जाने,

(32) श्री कुंवर जी कोठार, सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्राम खजूरिया घाटा एवं मोहना के बीच काली सिंध नदी पर ब्रिज निर्माण किये जाने,

(33) श्री संजय उइके, सदस्य, बालाघाट जिले के ग्राम बंदनिया में नाले पर पुल का निर्माण किये जाने,

(34) श्री सोहनलाल बाल्मीक, सदस्य, छिन्दवाड़ा जिले के ग्राम खुकरिया के पास पुलिया निर्माण कराएं जाने,

(35) श्री बहादुर सिंह चौहान, सदस्य, उज्जैन जिले के ग्राम रानी पिपल्या में स्टापडेम / तालाब स्वीकृत किये जाने,

(36) श्री गोविन्द सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम प्रेमपुर में शासकीय हाई स्कूल का भवन निर्माण किये जाने,

(37) श्री मानवेन्द्र सिंह, सदस्य, छतरपुर जिले के ग्राम मऊसहानियां के हाई स्कूल एवं अन्य को हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किये जाने,

(38) श्री वीर सिंह पंवार, सदस्य, विदिशा जिले के ग्राम बेंदीगढ़ एवं अन्य ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित किये जाने,

(39) श्री सूबेदार सिंह रजौधा, सदस्य, मुरैना जिले के ग्राम मजरा में माध्यमिक विद्यालय खोले जाने,

(40) श्री सुशील कुमार तिवारी, सदस्य, जबलपुर जिले के पनागर से सिंगौद तक मार्ग निर्माण किये जाने,

(41) श्री हर्ष यादव, सदस्य, सागर जिले के ग्राम आलनपुर तिगड्डा तक सड़क निर्माण किये जाने,

(42) श्री आर. डी. प्रजापति, सदस्य, छतरपुर जिले के ग्राम घटरा एवं नदौता के शासकीय माध्यमिक विद्यालयों को हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

**6. राज्यपाल के अभिभाषण पर सुश्री उषा ठाकुर, सदस्य द्वारा दिनांक 21 फरवरी, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा ........... (क्रमश:).**

"राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं.".

**7. वर्ष 2017-2018 के आय-व्यक पर सामान्य चर्चा.**

**अवधेश प्रताप सिंह**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 1 मार्च, 2017**